कार्यालय उपखण्ड अधिकारी, देवली (टोंक)

मिसल संख्या – 34/2021

निर्णय दिनांक :– 23/2/2021

उनवानी प्रार्थना पत्र –

1. मथुरालाल पुत्र श्योचन्दा जाति मीणा निवासी दाता (सांवतगढ) तहसील देवली जिला टोंक राज0
2. श्रीमती मसरी देवी पत्नी मथुरालाल जाति मीणा निवासी दाता (सांवतगढ) तहसील देवली जिला टोंक राज0

प्रार्थी पक्ष

बनाम

तहसीलदार देवली जिला टोंक राज0

अप्रार्थी पक्ष

प्रार्थना पत्र पत्थरगढी बाबत् अन्तर्गत धारा 128 लेण्ड रेवेन्यू एक्ट

आदेश

पत्रावली वास्ते निर्णय पेश हुई। प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया, अधिवक्ता प्रार्थी को सुना गया। तहसीलदार देवली की रिपोर्ट अनुसार **आराजी खाता संख्या 210 खसरा नम्बर 279 रकबा 0.30 है0** वाके ग्राम दाता (पटवार हल्का सांवतगढ) तहसील देवली जिला टोंक प्रार्थी पक्ष की खातेदारी व कब्जेकाश्त की आराजी भूमी है। उक्त भूमि पर किसी न्यायालय का स्थगन आदेश नही है।

अतः जमाबंदी संवत् **2073–76** में अंकित **आराजी खाता संख्या 210 खसरा नम्बर 279 रकबा 0.30 है0** वाके ग्राम दाता की विधिवत् पत्थरगढी की जाने हेतु तहसीलदार देवली को एतद्द्वारा आदेशित किया जाता है कि प्रार्थी से पत्थरगढी कॉस्ट राशि नियमानुसार सीमाज्ञान शुल्क जमाकर उक्तानुसार पालना की जावे।

निर्णय खुल न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल की जाती है।

उपखण्ड अधिकारी
देवली